पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

2,317 नागरिकों ने राजभवन के सौन्दर्य को निहारा

लखनऊः 14 मार्च, 2016

पिछले 10 दिनों से राजभवन का माहौल ही कुछ और था। राज्यपाल श्री राम नाईक द्वारा फूलों के मौसम में 3 मार्च से 13 मार्च, 2016 तक राजभवन के गार्डेन आम आगन्तुकों के देखने हेतु खोलने के निर्देश दिये गये थे। 10 दिन की अवधि में कुल 2,317 नागरिकों ने राजभवन के सौन्दर्य को निहारा, जिनमें 1109 पुरूष, 696 महिलाएं एवं 512 बच्चे सम्मिलित थे।

आगुन्तकों में राजभवन फूलों के उद्यान के साथ-साथ कैक्टस हाउस, औषधीय पौधों के लिए विख्यात धन्वन्तरि वाटिका, गुलाब वाटिका, रूद्राक्ष, कल्पवृक्ष, सीता अशोक, सिन्दूर, कृष्ण वट तथा चन्दन के दुर्लभ वृक्ष विशेष आकर्षण के केन्द्र रहें। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष राजभवन घूमने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष फूलों के मौसम में राजभवन में आयोजित होने वाली पुष्प प्रदर्शनी के पश्चात् राजभवन के गार्डेन आमजन हेतु खोले जाते हैं। गत वर्ष भी कुल 686 लोग राजभवन आये थे।

अंजुम/ललित/राजभवन(104/26)